हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

10 सुशासन एक्सप्रेस से नारायणपुर के अंतिम ...



10 गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने राष्ट्रपति...






## औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### नाई सेन समाज के प्रभारी ने थामा कांग्रेस का हाथ



**जगदलपुर।** राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के समक्ष सामाजिक कार्यकर्ता शंकर सेन ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। बैज ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर कांग्रेस प्रवेश कराया और पार्टी के रीति नीति के अनुसार कार्य करने को कहा। शंकर सेन सर्व नाई सेन समाज के प्रदेश संगठन प्रभारी,सैलून व्यवसाय संघ अध्यक्ष, जननायक कपूरी ठाकुर राष्ट्रीय ओबीसी संगठन बस्तर के महासचिव पदों पर हैं। श्री सेन कहा कि कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों, सामाजिक समरसता और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। इस दौरान शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, प्रेमशंकर शुक्ला, रेखचंद जैन सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भीषण गर्मी में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाना अनुचित

**जगदलपुर।** कांग्रेस शहर महामंत्री अभिषेक नायडू ने भीषण गर्मी में



शासकीय कर्मचारियों की फील्ड ड्यूटी लगाए जाने की निंदा की है। उन्होंने सरकार के इस रवैये को संवेदनहीन बताते हुए कहा कि एक तरफ प्रशासन आम जनता को जानलेवा धूप से बचने की सलाह दे रहा है। वहीं दूसरी तरफ कर्मचारियों को तपती धूप में झोंक रही है। जारी विज्ञप्ति में कहा कि मई महीने में अत्यधिक गर्मी और लू की आशंका को देखते हुए एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें आम जनमानस को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक घरों से बाहर न निकलने की हिदायत दी गई है।

### जनदर्शन में कलेक्टर को दिया समस्या व मांगों का आवेदन



**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने सोमवार को प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों और ग्रामीणों से भेंटकर उनकी समस्या-मांग इत्यादि संबंधी आवेदन प्राप्त कर निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### एपीसी की संभागस्तरीय बैठक होगी आज

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के अंतर्गत रबी 2025-26 की समीक्षा एवं आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर संभाग स्तरीय बैठक कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में 28 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में कमिश्नर डोमन सिंह सहित बस्तर संभाग के सभी कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन, सहकारिता, जल संसाधन एवं सम्बद्ध विभागों के अधिकारी शामिल रहेंगे।

# नक्सलवाद के दंश से उबर रहे बस्तर में अब खुशी और उल्लास : झा

**नानगुर में वॉइस ऑफ अंजू की टीम के साथ ही स्थानीय कलाकारों ने भी दी प्रस्तुति**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

नानगुर की वादियों में रविवार को संगीतमयी संध्या का आयोजन वॉइस ऑफ अंजू झा के कलाकारों द्वारा आयोजित किया गया था। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीण श्रोता देर रात तक संगीत संध्या का लुफ्त उठाने मौजूद रहे। कलाकारों ने हिन्दी के अलावा हल्बी, भतरी व छत्तीसगढ़ी में प्रस्तुती देकर ताली बटोरी और आयोजन को सफल बनाया।

वॉइस ऑफ की अंजू झा ने इस अवसर पर कहा कि किसी के अंतरंग मन तक उतरने की शक्ति यदि है तो वह गीत और संगीत है। इसी गीत और संगीत के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र नानगुर के दर्शकों और श्रोताओं के मन तक उतरने का प्रयास वॉइस ऑफ के कलाकारों ने किया है। रविवार शाम से लेकर देर रात तक शानदार प्रस्तुतियां चलती रही। इसमें स्थानीय कलाकारों ने भी स्थानीय बोली भाषा हल्बी, भतरी व छत्तीसगढ़ी में प्रस्तुतियां दी। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के दंश से बस्तर अब उबर रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में भी सभी खुशी और उल्लास महसूस करें सामान्य जीवन आनंद पूर्वक व्यतीत करें। ग्रामीणों में सुरक्षा की भावना लाने पुलिस प्रशासन भी बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहा है बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम, एसपी शलभ कुमार सिन्हा के अलावा नानगुर टीआई गणेशराम यादव, एसआई हरवन सिंह व नानगुर के संगीत प्रेमियों का आयोजन में भरपूर सहयोग मिला इसी वजह से हम स्थानीय कलाकारों के साथ शानदार प्रस्तुति दे सके।



### संगीत संध्या के साथ जागरुकता अभियान

सफल संगीतमयी आयोजन में अजय पचौरी, नलिनी सिंह, प्रवीण द्विवेदी, दलजीत सिंह, बीजू बेंजामिन, मनीष अहीर ने शानदार प्रस्तुतियां दी। इस दौरान मनीष अहीर ने जनगणना के बारे में भी लोगों को जानकारी देते हुए प्रक्रिया से अवगत कराते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। आयोजन की सबसे खास बात यह रही स्थानीय कलाकारों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें उन्होंने हल्बी, भतरी व छत्तीसगढ़ी में अपनी प्रस्तुतियां दी। जिसमें प्रमुख रूप से ग्रामीण कलाकार शिवराम नाग, धीरनाथ बघेल, कुमारी मेनका कश्यप ने शानदार प्रस्तुति दी और श्रोताओं की तालियां बटोरी। कार्यक्रम में मंच संचालन विधु शेखर झा ने किया।

**स्पर्धा : बस्तर जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीते इनाम**

# शतरंज बुद्धि कौशल का खेल जो जीवनभर काम आता है : देव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

जिला शतरंज संघ के ओपन प्रतियोगिता में जिलेभर से शतरंज खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा कमलोचन कश्यप ने दीप प्रज्वलित कर और शतरंज की गोटी चल कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण के सुशांत पाल, खंड शिक्षा अधिकारी अनिल दास, अशोक तिवारी, रोमा राव, राजेश त्रिपाठी ने सहयोग किया। प्रतियोगिता के डायरेक्टर शशांक श्रीधर ने बताया कि खिलाड़ियों की संख्या के आधार पर 5 राउंड के मैच हुए। पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि विधायक किरण देव तथा नगर पालिक निगम के सभापति खेमसिंह देवांगन उपस्थित रहे।

■ जिलास्तरीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता

मुख्य अतिथि विधायक किरण देव ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शतरंज बुद्धि कौशल का खेल है और यह खेल पूरे जीवन भर काम आता है। जिस प्रकार हमारे जीवन में उतार चढ़ाव आते हैं उसी प्रकार शतरंज में भी ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। यह दिमाग के कसरत का खेल है। बस्तर में विकास कार्यों के साथ खेल में भी महत्वपूर्ण कार्य चल रहे हैं। जिसके लिए बजट आवंटित हुए हैं।

उन्होंने लालबाग मैदान में गैलरी बनाये जाने की बात बताई। इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में भी विभिन्न निर्माण कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि नया वुडन बैडमिंटन कोर्ट बनकर लगभग तैयार है। विधायक ने जिला शतरंज संघ के कार्यों की सराहना की जो बस्तर के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। विजेताओं को बधाई दी और खिलाड़ियों को आशीर्वचन में कहा कि हमें निराश नहीं होना चाहिए। हम यदि आज पिछड़ गये हैं तो कल कड़ी मेहनत कर आगे बढ़कर दिखाएंगें हमें प्रयास करना नहीं छोड़ना चाहिए। यही प्रयास हमें सफलता की ओर अग्रसर करता है।



### विजेताओं को मिली ट्रॉफी और नकद इनाम

अंत में विजेताओं को ट्रॉफियों के साथ नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए। चीफ आर्बिटर तरुण सारथी और असिस्टेंट आर्बिटर अभिनव जेना, जयश्री शेंडे, पूर्णिमा सरोज, मंजू सारथी, संगीता तिवारी, अभिषेक जेना, हर्ष शेंडे का विशेष योगदान रहा। सचिव हितेश तिवारी, सुकीर्ति तिवारी, मिनेश पाणीग्राही, लोकेश पांडे, सरोज, ईश्वरी ध्रुव, सुचिस्मिता जेना, प्रिया पांडे, प्रदीप साहू, दक्ष कश्यप ने भी सहयोग प्रदान किया। केन्द्रीय सूचना ब्यूरो के प्रभारी अधिकारी बी एस ध्रुव ने आभार व्यक्त किया। संचालन डा पूर्णिमा सरोज ने किया। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष शशांक शेन्डे ने बताया कि शतरंज का खेल नन्हें बच्चों से लेकर युवाओं को भा रहा है। इसलिए इस खेल में भी कई प्रतिभावान खिलाड़ी आगे बढ़ रहे है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 50 हजार रुपए नकद इनाम दिए गए।

# किष्टाराम में 7.50 लाख की सागौन लकड़ी जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

वनमंडल के किष्टाराम रेंज के सिंदूरगुड़ा पंचायत क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित एक आरा मशीन पर छापामार कार्रवाई की गई। जहां सागौन लकड़ी का अवैध प्रसंस्करण किया जा रहा था। अवैध गतिविधि का मुख्य आरोपी तेलंगाना का निवासी है। जो किष्टाराम क्षेत्र में सक्रिय होकर अवैध आरा मशीन का संचालन कर सागौन लकड़ी की अवैध कटाई, चिरान एवं अंतर्राज्यीय तस्करी के कार्य में संलिप्त था। सुकमा वन मंडल क्षेत्र में अवैध कटाई, लकड़ी तस्करी एवं वन अपराधों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। सीमावर्ती ▸▸ शेष पेज 10 पर

■ सीमावर्ती छग में अंतर्राज्यीय वन तस्करी का पदार्फाश

### किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा

वन मंडलाधिकारी अक्षय दिनकर भोसले ने कहा कि सुकमा वन मंडल क्षेत्र में अवैध कटाई, लकड़ी तस्करी एवं वन अपराधों के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। विशेषकर अंतर्राज्यीय सीमा से लगे इलाकों में निगरानी और गश्त बढ़ा दी गई है। खुफिया तंत्र को अधिक सक्रिय किया गया है। उन्होंने कहा कि वन संपदा की अवैध कटाई एवं तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### आरोपी फरार, तलाश तेज

मुखबिरों से प्राप्त सूचना के आधार पर टीम पहुंचने के पहले मुख्य आरोपी मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश तेज कर दी गई है। उससे जुड़े नेटवर्क एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

# ट्रेन में छूटे बैग आरपीएफ ने मालिक को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

रेलवे सुरक्षा बल ने सतर्कता, ईमानदारी और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए एक यात्री का छूटा बैग बरामद कर उसे स्वामी को सौंप दिया। यह कार्रवाई 26 अप्रैल को हुई। जब ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ स्टाफ को सूचना प्राप्त हुई कि ट्रेन संख्या 18447 के कोच बी 2, बर्थ संख्या 21 में एक बैग छूट गया है।

■ लैपटॉप समेत 57 हजार का सामान बैग में था

सूचना मिलते ही आरपीएफ ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। ड्यूटी पर तैनात एचसी जे. मुरली ने तत्परता के साथ कार्यवाही करते हुए ट्रेन के जगदलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 3 पर 11:44 बजे आगमन के समय बैग को बरामद किया और उसे आरपीएफ पोस्ट जगदलपुर लाया गया। इसके बाद बैग के स्वामी से मोबाइल नंबर से संपर्क ▸▸ शेष पेज 10 पर




# अभी जल नहीं बचाएंगे तो भविष्य होगा विकराल

**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदावाड़ा में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत कैच द रेन पखवाड़ा के अवसर पर बैठक की गई। इस दौरान जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग पर चर्चा हुई। विद्यालय परिसर में पौधों की सिंचाई के लिए टपक पद्धति से जुगाड़ आधारित तकनीक का प्रदर्शन किया गया जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के व्यावहारिक उपायों को समाज तक पहुंचाना और इसे जनभागीदारी से जोड़ना रहा।

■ विद्यार्थियों को जल का बताया गया महत्व



यह अभियान प्रधानमंत्री ने 22 मार्च को प्रारंभ किया था। व्यापक पौधरोपण के माध्यम से जल संरक्षण को मजबूत करना है। इसी क्रम में देशभर के विद्यालयों में 16 से 30 अप्रैल तक जल पखवाड़ा मनाया जा रहा है। विद्यालय स्तर पर छात्रों, कर्मचारियों और समुदाय को जोड़ते हुए प्रतिदिन जल संरक्षण की शपथ, ऑडियो-विजुअल कार्यक्रम, गीत निर्माण तथा ग्रामीण क्षेत्रों में छात्र राजदूतों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने की रूपरेखा तय की गई।

**जल संरक्षण को स्कूल से जोड़ने की पहल :** बैठक में कहा गया कि जल संरक्षण केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि समाज अभी नहीं जागा, तो आने वाली पीढ़ियों के ▸▸ शेष पेज 10 पर

**गौवंश रक्षा के लिए पत्र दिल्ली, रायपुर भेजने का किया आग्रह**

# गौवंश को राष्ट्रमाता घोषित करने सभी 7 ब्लाक में निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर जिले में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत जनभागीदारी के साथ गौवंश को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग उठी है। जिले की सातों तहसीलों जगदलपुर, तोकापाल, बस्तर, बकावंड, लोहंडीगुड़ा, बास्तानार और दरभा में प्रबुद्ध नागरिकों, गौ सेवकों, संत समाज एवं सामाजिक संगठनों ने शोभायात्रा निकालकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित किया गया। अभियान के माध्यम से गौवंश को संवैधानिक और सांस्कृतिक सम्मान दिलाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि भारतीय संविधान की मूल भावना के अनुरूप देशी गौवंश को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाए। साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार से विधानसभा में विशेष संकल्प पारित कर गौमाता को राज्य माता घोषित करने का आग्रह किया गया। ज्ञापन में यह उल्लेख किया गया कि वर्तमान में गौवंश असुरक्षा, उपेक्षा और अव्यवस्था का सामना कर रहा है। सड़कों पर भटकते और प्लास्टिक खाने को विवश गौवंश की स्थिति को सामाजिक चेतना के लिए गंभीर चुनौती बताया गया। इस समस्या के समाधान के लिए एकीकृत केंद्रीय गौ सेवा अधिनियम, गौ तस्करी को गैर-जमानती अपराध घोषित करने तथा दोषियों की संपत्ति राजसात करने जैसे कठोर प्रावधानों की मांग रखी गई।

■ एसडीएम और तहसीलदार को ज्ञापन दिया



### स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल हो

अभियान के दौरान प्राकृतिक कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गौ आधारित मॉडल को पुनर्जीवित करने पर बल दिया गया। ज्ञापन में स्कूली पाठ्यक्रमों में गौ विज्ञान को शामिल करने, गौ उत्पादों के लिए पृथक विपणन तंत्र विकसित करने तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में नंदीशाला और जिला स्तर पर आदर्श गौ अभयारण्य स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया।

### गौवंश संरक्षण जरूरी

लोगों ने इस अभियान को निःस्वार्थ, अहिंसक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का माध्यम बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि गौवंश संरक्षण की दिशा में ठोस निर्णय देश के सामाजिक और आर्थिक ढांचे को नई मजबूती देगा।

# अवैध नल कनेक्शन पर 14,200 का जुर्माना 1 मई से लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

नगर निगम शहर में अवैध नल कनेक्शनों के विरुद्ध सख्ती के साथ विशेष अभियान चला रहा है। 17 फरवरी से पीएचई अमले ने अब तक विभिन्न वार्डों में 286 अवैध नल कनेक्शन चिन्हित किए हैं। इनमें से 204 उपभोक्ताओं ने निर्धारित शुल्क जमा कर अपने कनेक्शन वैध करा लिए हैं जबकि 82 अवैध कनेक्शन काटे जा चुके हैं।

■ 30 अप्रैल तक 5,000 में करा सकेंगे नियमितीकरण

जल कार्य विभाग सभापति सुरेश गुप्ता ने बताया कि 18 मार्च की सामान्य सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि 1 मई से अवैध नल कनेक्शन पाए जाने पर उसे वैध कराने 14,200 की राशि देय होगी। जबकि 30 अप्रैल तक मात्र 5,000 जमा कर अवैध कनेक्शन को वैध कराया जा सकता है। उन्होंने ▸▸ शेष पेज 10 पर



